15-17 जनवरी 2016 के दौरान केनिया, नैरोबी में भारतीय खाद्य उत्पादों का प्रचार कार्यक्रम

एपीडा द्वारा भारतीय उच्चायोग, नैरोबी, केन्या के सहयोग और भारत सरकार के वाणिज्यिक और उद्योग मंत्रालय के प्रोत्साहन पर नैरोबी, केनिया में 15-17 जनवरी 2016 के दौरान भारतीय खाद्य उत्पादों का "ब्रांड प्रचार" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह ब्रांड प्रचार ओवरसीज़ (समुद्र-पार) खासतौर पर विकासशील देशों और भारतीय उत्पादों की मांग के उभरते बाज़ारों में भारत और भारतीय उद्योग को प्रोत्साहित करने हेतु भारत सरकार की पहल है।

केन्या, अफ्रीका में 4 अरब अमरीकन डॉलर के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदारों में से एक है। यह उल्लेख करना उपयुक्त होगा कि भारत को केन्या के कुल आयात का लगभग 20% मिलता है। केन्या पूर्वी अफ्रीका का प्रवेश द्वार है जहां मोम्बासा बंदरगाह युगांडा, बुरुंडी, रवांडा और दक्षिण सूडान सहित बंदरगाह विहीन देशों की आवश्यकता को पूरा करता है।

ब्रांड प्रमोशन की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं : -

1. बाज़ार में ब्रांड की दृश्यता बढ़ाना और कृषि व्यापार, मीडिया और उपभोक्ताओं के साथ मूल्य संबंधों का निर्माण करना।
2. भारतीय एथ्निक उत्पादों को बढ़ावा देना।
3. वितरण में इन स्टोर प्रोत्साहन का आयोजन जिसमें विविध प्रकार के भारतीय खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन और वितरण किया जाएगा।
4. संभावित क्रेताओं के साथ क्रेता विक्रेता भेंट (बीएसएम)
5. पत्रकार सम्मेलन आदि

मुख्य क्षेत्र हैं :

- कन्फेक्शनरी और बिस्कुट
- स्नैक खाद्य पदार्थ और रेडी टू ईट उत्पाद
- जैम,अचार, चटनी आदि
- जूस और स्क्वैश आदि
- बासमती और गैर बासमती चावल
- मादक और गैर मादक पेय
- विविध निर्मित उत्पाद
- अन्य प्रसंस्कृत फल और सब्ज़ियां

भाग लेने हेतु इच्छुक निर्यातक यह सुनिश्चित कर लें कि उत्पादों की पैकेजिंग और सामग्री दोनो के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता हो। उन निर्यातकों को प्राथमिकता दी जाएगी जो अपने उत्पादों का बेहतर प्रदर्शन, टेस्टींग और सैम्पलिंग करेंगे।

इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध है कि इस ब्रांड प्रचार कार्यक्रम में 25/12/2015 से पहले अपनी भागीदारी की पुष्टि करें। प्रचार, प्रोत्साहन का व्यय एपीडा द्वारा वहन किया जाएगा और यात्रा तथा रहने की व्यवस्था का व्यय प्रतिभागी को व्यक्तिगत रुप से वहन करना होगा। हालांकि, दिशा निर्देशों के अनुसार इस क्षेत्र में एमडीए सहायता उपलब्ध है। भागीदारों की संख्या सीमित है और यह सर्वप्रथम आने वाले भागीदारों और उनके द्वारा प्रोत्साहित उत्पादों पर निर्भर है।

इवेंट में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र संलग्न है। जिन उत्पादों का आप प्रचार करना चाहते हैं , उनकी स्पष्ट जानकारी, गंतव्य स्थल में वर्तमान निर्यात यदि हो तो एवं अन्य विवरण का उल्लेख अवश्य करें। अन्य जानकारी के लिए एपीडा अधिकारियों से संपर्क करें :

1. श्री एस.एस.नैय्यर
   महाप्रबंधक
   (मोबाइल) + 91-9811299352
   E-mail id : ssnayyar@apeda.gov.in

2. श्री हरप्रीत सिंह
   कार्यकारी अधिकारी
   (मोबाइल) + 91-9818810899
   E-mail id : harpreet@apeda.gov.in

2. APPLICATION FORM

S.NO.	PARTICULARS	SUBMITTED BY EXPORTER
1.	Name of the Event	Brand Promotion in Kenya During 15-17th January, 2016
2.	Name of the Company	
3.	Address	
	Telephone Number	
	Email Id	
	Website details	
4.	Name of Key Person	
	Designation	
	Mobile Number	
5.	Total Turnover of the Company	Rs in Crores
	2012-13	
	2013-14	
	2014-15	
6.	Products on display	
7.	Brief profile of company (not more than 100 words)	
8.	Whether you have participated in any Brand Promotion Event earlier, if so when?	

1.

We hereby accept the rules and regulations of participation as laid down by APEDA/Event organisers.

(Signatures of authorized signatory of the Company)

Name________________________

Designation___________________

Date: _______________